संख्या—4327 / 1—10—2011—33(342) / 2011

प्रेषक,

के0 के0 सिन्हा,
प्रमुख सचिव एवं राहत आयुक्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
बिजनौर / शाहजहांपुर / मिर्जापुर।

राजस्व अनुभाग—10 लखनऊः दिनांकः 01 दिसम्बर, 2011

विषयः वर्ष 2011—12 में बाढ़ से क्षतिग्रस्त सार्वजनिक परिसम्पत्तियों की आपदा राहत निधि के अन्तर्गत तात्कालिक मरम्मत / पर्नुस्थापना हेतु धनावंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वर्ष 2011—12 में बाढ़ से क्षतिग्रस्त सार्वजनिक परिसम्पत्तियों की आपदा राहत निधि के अन्तर्गत तात्कालिक मरम्मत / पर्नुस्थापना हेतु निम्नलिखित जनपदों को उनके सम्मुख निम्नलिखित विवरण के अनुसार कुल धनराशि रू0 812.02 लाख (रूपये आठ करोड़ बारह लाख दो हजार मात्र ) नीचे उल्लिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निर्वतन पर रखने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

| क0 सं0 | जनपद का नाम | विभाग | योजना का नाम | कुल लागत (लाख रू0 में) | अब तक स्वीकृत धनराशि (लाख रू0 में) | अवमुक्त धनराशि (लाख रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बिजनौर | सिंचाई विभाग | शेरकोट के निकट ग्राम मुबारकपुर से ग्राम सावन नगर तक स्थित पूर्व निर्मित जमींदारी बन्ध की पुर्नस्थापना की परियोजना | 436.61 | शा0सं0—2801 / 1—10—11—33(342) / 11, दि0 14.9.11 द्वारा रू0 218.30 लाख | 218.31 |
| 4 | शाहजहांपुर | सिंचाई विभाग शारदा नगर खण्ड | गंगा नदी के बायें तट पर ग्राम डबरू, नगला के पास भैंसार ढाईघाट के कटाव निरोधक योजना के अन्तर्गत क्षतिग्रस्त स्पर नंबर—03, 04, 05, 06 एवं बांध के पुर्नस्थापना। | 1057.41 | शा0सं0—1920 / 1—10—11—12(34) / 11, दि0 28.7.11 द्वारा रू0 528.70 लाख | 528.71 |
| 5 | मीरजापुर | लोक निर्माण विभाग | लम्बिनी—दुद्धि मार्ग (राज्य मार्ग सं0—5) | 130.00 | शा0सं0—4236 / 1—10—11—12(34) / 11 | 65.00 |

242 Awantan Yadav Ji

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | टी0सी0–1 दि0 15.11.11 द्वारा रू0 65.00 लाख | |
| | | | | | कुल योग | 812.02 |

2 उक्त स्वीकृति के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2011–12 के आय–व्ययक के अनुदान संख्या–51 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक ''2245–प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत–आयोजनेत्तर--05–आपदा राहत निधि–800–अन्य व्यय–03 –आपदा राहत निधि से व्यय–42–अन्य व्यय'' के नामे डाला जायेगा।

3. बाढ़ से तात्कालिक प्रकृति की अपरिहार्य परिस्थितियों वाले अर्ह एवं अनुमन्य श्रेणी की क्षतिग्रस्त सार्वजनिक परिसम्पत्तियों की तात्कालिक मरम्मत मद में धनराशि शासनादेश संख्या–3253/1–10–2008–12(73)/2008, दिनांक 22 सितम्बर, 2010 में निर्धारित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन ही व्यय किया जायेगा । इस धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका एवं अन्य सुसंगत नियमों/शासकीय निर्देशों के अधीन ही किया जायेगा। इस धनराशि का उपयोग अन्य किसी भी विभागीय कार्य हेतु कदापि न किया जाय। अग्रेतर यह सुनिश्चित किया जाय कि आपदा राहत निधि की धनराशि का व्यय केवल दैवी आपदाओं– अग्निकाण्ड, भूस्खलन, बादल फटने, हिम स्खलन, चक्रवात, सूखा, भूकम्प, बाढ़, ओलावृष्टि, कीट आक्रमण तथा सुनामी से प्रभावित व्यक्तियों को राहत सहायता प्रदान करने के निमित्त व्यय की जाय। सामान्य दुर्घटनाओं–सड़क दुर्घटना, रेल दुर्घटना, दंगा फसाद, विद्युत आदि के कारण घटित घटनाओं के लिए इस धनराशि का उपयोग नहीं किया जायेगा।

4. उक्त धनराशि का व्यय शासनादेश संख्या–जी0आई0–134/1–11–2007–46/97, दिनांक 31 जुलाई, 2007 एवं उसके साथ संलग्न भारत सरकार की गाइड लाइन्स में निर्धारित एवं अर्ह मानकों मदों एवं शासनदेश संख्या–2785/1–10–2011–12(73)/2008 दिनांक 14–10–2011 के अनुसार ही किया जायेगा।

5. वर्ष 2011–12 में बाढ़/बादल फटने से क्षतिग्रस्त सार्वजनिक परिसम्पत्तियों की तात्कालिक मरम्मत/रेस्टोरेशन की परियोजनाओं को 30 दिन व अधिकतम 45 दिन में अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाय तथा नियमानुसार उपभोग प्रमाण पत्र शासन को उपलब्ध कराया जाय। आपदा राहत निधि की धनराशि का व्यय सक्षम अधिकारी द्वारा वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने के उपरान्त नियमानुसार प्रकिया का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये निर्धारित अवधि के अन्दर किया जायेगा। तात्कालिक प्रकृति के अपरिहार्य परिस्थितियों वाले मरम्मत/रेस्टोरेशन कार्यो की परियोजनाओं को खण्डों में कदापि विभाजित नहीं किया जायेगा, अपितु निरन्तरता वाले विभिन्न परियोजनाओं को एक ही परियोजना माना जायेगा।

6. कतिपय प्रकरणों में यह भी देखने में आया है कि आवंटित धनराशि एक मुश्त किसी सरकारी विभाग या स्थानीय प्राधिकारी को हस्तगत कराकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली जाती है। यह स्थिति उचित नहीं है। निधि से प्रदत्त धनराशि आपदा राहत हेतु प्रदान की जाती है। अतः आपदा के अनुसार राहत की आवश्यकता का निर्धारण करना, तदनुसार धन उपलब्ध कराना तथा इसका सदुपयोग सुनिश्चित कराना, व्यय का पूर्ण विवरण शासन को निर्धारित तिथि तक

